दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
वर्ष 15 /अंक 26 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, रविवार, 26 मार्च 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592
मूल्य- 2 रु.




सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रित करद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी ।।

सीएम धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण ...
रामनवमी व्रत : अनेक जन्मों के पाप करता है भस्म

# विपक्षी दल गरीबों और ग्रामीण बच्चों को चिकित्सक, इंजीनियर बनते नहीं देखना चाहते: मोदी



**चिक्कबल्लापुर (कर्नाटक),(भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय भाषाओं को समर्थन देने की पर्याप्त कोशिश नहीं करने और उन्हें लेकर खेल खेलने के लिए शनिवार को राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि ए दल गांवों, पिछड़े वर्ग के लोगों एवं गरीबों को चिकित्सक या इंजीनियर बनते नहीं देखना चाहते।

मोदी ने मेडिकल के पेशे में शामिल होने में ग्रामीण एवं गरीब परिवारों के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस बात को समझते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मेडिकल की शिक्षा में कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में पढ़ाई का विकल्प मुहैया कराया। मोदी ने कहा, मैं आपके सामने उस चुनौती का जिक्र करना चाहता हूं, जो मेडिकल पेशे के समक्ष है। इस चुनौती के कारण गांवों से आने वाले, गरीब परिवारों से संबंध रखने वाले और पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए चिकित्सक बनना मुश्किल हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिक्कबल्लापुर जिले में मुद्देनहल्ली के सत्य साईं ग्राम में निशुल्क सेवाओं के लिए स्थापित श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एसएमएसआईएमएसआर) का शनिवार को उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कुछ दलों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ और वोट-बैंक की खातिर भाषाओं को लेकर खेल खेला, लेकिन उन्होंने भाषाओं को सही अर्थों में प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक काम नहीं किए।

मोदी ने कहा, कन्नड़ एक समृद्ध भाषा है। यह एक ऐसी भाषा है जो देश के गौरव को बढ़ाती है। इससे पहले सरकारों ने मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की कन्नड़ में शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा, ए राजनीतिक दल नहीं चाहते कि गांवों, गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों के बेटे और बेटियां चिकित्सक या इंजीनियर बनें, जबकि गरीबों के कल्याण के लिए काम करने वाली हमारी सरकार ने कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में मेडिकल शिक्षा का विकल्प दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर और मधुसूदन साईं इस मौके पर मौजूद थे। मोदी ने कहा कि देश में लंबे समय तक इस प्रकार की राजनीति थी, जिसमें गरीब को केवल वोट बैंक के तौर पर देखा जाता था। उन्होंने कहा, लेकिन भाजपा सरकार के लिए गरीबों की सेवा सर्वोच्च दायित्व है। हम गरीबों एवं मध्यम वर्ग के स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हैं। हमने सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र खोले।उन्होंने सरकार द्वारा की गई स्वास्थ्य संबंधी कई पहलों का भी जिक्र किया। मोदी ने जिस एसएमएसआईएमएसआर का उद्धाटन किया है, वह सभी को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल की सुविधा प्रदान करेगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि एसएमएसआईएमएसआर अस्पताल की स्थापना श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस ने की है। इसमें कहा गया है कि एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित और चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के गैर-व्यावसाईकरण की दृष्टि से स्थापित किया गया एसएमएसआईएमएसआर सभी को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल की सुविधा प्रदान करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, यह संस्थान शैक्षणिक वर्ष 2023 से अपना कामकाज शुरू कर देगा। मोदी ने कहा कि उन्होंने भारत को विकसित बनाने के लिए 2047 का लक्ष्य रखा है।

## राहुल की सजा अत्यधिक सख्त, केंद्र को बड़ा दिल दिखाना चाहिए था : किशोर

**पटना, (भाषा)।** राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मानहानि मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा को अत्यधिक बताया और सत्तारूढ़ दल से कांग्रेस नेता की सदस्यता के संबंध में बड़ा दिल दिखाने का आग्रह किया। किशोर इन दिनों जन सुराजै अभियान के तहत अपने गृह प्रदेश बिहार का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस यह संदेश जनता तक पहुंचाने के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं दिख रही है कि उसके साथ अन्याय हुआ है। किशोर ने कहा, मैं कोई कानून का विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन कानूनी प्रक्रिया के प्रति सम्मान के साथ, राहुल गांधी को दी गई सजा अत्यधिक प्रतीत होती है। चुनाव के समय में, लोग तरह-तरह की टिप्पणी करते हैं। यह पहला उदाहरण नहीं था और न ही यह कोई अंतिम उदाहरण होने वाला है। किशोर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मानहानि का मामला ... उसके लिए दो साल की जेल अत्यधिक प्रतीत होती है। मैं केंद्र की सरकार को अटल बिहारी वाजपेई की एक प्रसिद्ध पंक्ति की याद दिलाना चाहता हूं कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं बन जाता। किशोर ने कहा, सत्तारूढ़ दल तकनीकी बातों की आड़ ले सकता है।

## योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक साल : सपा-बसपा समेत विपक्षी दलों ने की तीखी आलोचना




**लखनऊ, (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नीत भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) समेत अन्य दलों ने तीखी आलोचना की है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता विरोधी दल व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डबल इंजन (केन्द्र और प्रदेश) की सरकारों से उनके 17 बजट का हिसाब मांगा है। सपा ने अखिलेश यादव का दिल्ली में दिए गए बयान का एक हिस्सा ट्वीट किया है, इनका एक साल का कार्यकाल मत गिनिए। उत्तर प्रदेश में यह सातवां बजट लाए हैं। तो यह सात बजट का हिसाब किताब दें। इसी ट्वीट में आगे कहा है, दिल्ली की सरकार (केन्द्र) के 10 बजट हो गए। 10 और सात मिलाकर 17 बजट हो गए, भाजपा के लोग 17 बजट का हिसाब किताब दें। सपा ने छह साल पूरे-योगी के वादे अधूरे हैश टैग के साथ सिलसिलेवार ट्वीट में भाजपा द्वारा की गई घोषणाओं को अधूरा बताया है। सपा ने कहा, हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोजगार का अवसर देने का वादा अधूरा--सभी निर्माण श्रमिकों के मुफ्त जीवन बीमा का वादा अधूरा। सपा ने एक अन्य ट्वीट में दो करोड़ टैबलेट व स्मार्टफोन बांटने व प्रदेश की सभी विभागीय रिक्तियां भरने और काशी, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, झांसी और प्रयागराज में मेट्रो का वादा भी अधूरा बताया है।

बसपा अध्यक्ष मायावती ने अपने ट्वीट में कहा, यूपी में भाजपा की डबल इंजन सरकार के छह साल पूरे होने को लेकर महंगे व खर्चीले प्रसार-प्रचार के माध्यम से जो बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं।

## मायावती की कांग्रेस व भाजपा को नसीहत-एक दूसरे के प्रति द्वेष से देश का नहीं होगा भला



**लखनऊ, (भाषा)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता खत्म करने के मामले पर शनिवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नसीहत देते हुए कहा कि एक दूसरे के प्रति राजनीतिक द्वेष, नफ़रत आदि से देश का ना पहले भला हुआ है और न ही आगे होने वाला है। बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को ट्विटर पर कहा, पहले कांग्रेस व अब भाजपा सरकार द्वारा हर स्तर पर अधिकांश मामलों में घोर स्वार्थ की राजनीति करने के कारण ही गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि की गंभीर समस्याओं को दूर करने की व्यापक जनहित, जन कल्याण व देश हित के जरूरी काम पर पूरा पूरा ध्यान नहीं देना अति दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण। अपने सिलसिलेवार ट्वीट में उन्होंने कहा, इसी संदर्भ में कांग्रेस पार्टी को यह ज़रूर सोचना चाहिए कि सन 1975 में (लगाए गए आपातकाल के दौरान) जो कुछ हुआ वह क्या सही था और अब उनके नेता श्री राहुल गांधी के साथ जो कुछ हो रहा है वो भी कितना उचित? उन्होंने इसी ट्वीट में कहा, एक दूसरे के प्रति राजनीतिक द्वेष, नफरत आदि से देश का ना पहले भला हुआ है और न ही आगे होने वाला है।

## महाराष्ट्र विधानसभा ने गुजरात दंगों पर केंद्रित बीबीसी वृत्तचित्र की निंदा की

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा ने 2002 के गुजरात दंगों पर केंद्रित वृत्तचित्र के लिए शनिवार को ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) की निंदा करते हुए कहा कि प्रसारक ने देश की न्यायपालिका की छवि खराब करने और धार्मिक विभाजन पैदा करने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य अतुल भातखलकर ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया। विधानसभाध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने इस प्रस्ताव पर मत विभाजन कराया। इस प्रस्ताव में वृत्तचित्र को लेकर ब्रिटिश प्रसारक की निंदा करते हुए कहा गया है कि उसने भारत में धार्मिक विभाजन पैदा करने और देश की न्यायपालिका को बदनाम करने का प्रयास किया।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## सियासी मंच पर जनमंच

सवाल जनमंच की उपयोगिता से निकला और इसकी बिसात में भी सियासत बिछ गई। विधानसभा सत्र के बहाने फिर राजनीति के मंच पर चढ़ा जनमंच। इसके पक्ष और विरोध में हुए राजनीतिक मुकाबले से दूर कहीं आम आदमी के सवालों का विशेषण होता तो व्यवस्था भी सही होती। शिकायत को माइक की जरूरत है या सरकारों के पास शिकायती कान होने चाहिएं, जो प्रक्रिया के बजाय मंच पर बजें। बेशक आंकड़ों में जनमंच पर 39726 शिकायतें चढ़ीं, लेकिन इससे सुशासन को मुंह छुपाने का बहाना भी मिल गया। इतनी शिकायतों का समाधान अगर जनमंच की प्रासंगिकता बता रहा या यह साबित कर रहा कि रूटीन में दफ्तर असफल हो रहे, तो यह व्यवस्था की कुशलता तो नहीं है। हम अगर जनमंच को सही विकल्प नहीं मानते, तो आगे भी इसी तरह के मंच का समर्थन नहीं कर सकते। यहां सवाल कान पकडऩे के तरीके का नहीं और न ही यह मुकाबला मंचों पर होगा कि किस सरकार ने कहां से कान पकड़े, बल्कि मूल प्रश्न सरकारी कार्य संस्कृति की परंपरा बदलने का है या यह देखने का भी है कि कहां तालमेल में अंतर और सार्वजनिक सुनवाई में छेद हैं। जनमंच हो या कल इसी तरह का कोई अन्य शिकायत मंच स्थापित हो जाएं, इनकी प्रस्तुति में ये केवल सियासी रंगमंच ही बनते रहेंगे। हमने अतीत के जनमंचों पर कुछ मंत्रियों को केवल अधिकारियों को लताड़ते देखा है, जबकि न तो कार्रवाइयों से व्यवस्था में परिवर्तन हुआ और न ही समाधनों का स्थायी कृतित्व विकसित हुआ। आश्चर्य यह कि शिकायत भी अगर लोकचरित्र का मंचन करे, तो माहौल की तलख्यिों में केवल नौटंकी ही होगी। सुशासन को हम जनमंच से जोड़ पाए या हर दफ्तर को सचेत करने पर बहस होनी चाहिए। बहुत सारे विभाग हैं जिन्हें चौबीस घंटे सक्रिय रहना होता है, तो क्या चंद जनमंचों की बदौलत इनका चरित्र और चेहरा बदल जाएगा। जनमंच न तो दैनिक क्रिया रही है और न ही इसमें जुटने वाली प्रतिक्रियाओं की सार्थकता सामने आई। दफ्तर के रूटीन कार्यों को अगर मंचों पर आसीन होने की आदत लग जाए, तो कार्यसंस्कृति केवल मंचन ही होगा और यह होने लगा था जब कुछ प्रमाणपत्र या लाइसेंस जैसे दस्तावेज भी सार्वजनिक रूप से बंटने लगे थे। सरकार की मौजूदगी में जनमंच भले ही ऊंचे संबोधनों की विरासत में राजनीतिक लाभ चुन लें, लेकिन प्रशासन की मौलिकता, पारदर्शिता, ईमानदारी व पवित्रता को इससे आंका नहीं जा सकता। सुशासन पर मोहर तब लगेगी जब विभागों के लक्ष्य इन्हीं के दायित्व में पूरे होंगे। सुशासन की पहचान के लिए मंच से उतर कर फील्ड को देखना पड़ेगा ताकि पता चले कि लोक निर्माण विभाग के कार्यों की गुणवत्ता क्या है। जलशक्ति विभाग की परियोजनाओं का मुआयना करके ही पता चलेगा कि जलापूर्ति कितनी दोषपूर्ण है। बस में जब मंत्री चलेंगे तो एचआरटीसी की दिक्कतें पता चलेंगी। जनमंच केवल शिकायतों को मौका देता है, जबकि प्रशासन के भीतर बहुत सारे कर्मचारी-अधिकारी वर्षों से अपने दायित्व की मिसाल हैं, तो उनको श्रेय देने के लिए क्या कोई पद्धति बनी। सरकारें अगर अपनी स्थानांतरण नीति या नियम ही तय नहीं कर पाएंगी, तो मंच सजा कर कोसने के सिवाय मिलेगा भी क्या। क्या बेरोजगारों को जनमंच रोजगार दे पाएगा या जब भर्ती घोटाले या कर्मचारी चयन आयोग में पेपर लीक हो रहे थे, तो क्या किसी जनमंच ने इनके कान पकड़े। शिकायतें तो व्यापारी, दुकानदार या हर निजी व्यापार में ढेरों हैं, तो क्या कभी इनके पास कोई जनमंच गया।

## देश को क्षति पहुंचाने वाले ढोंगी और दल

योगेंद्र योगी

> अमृतपाल से पहले भी दूसरे ऐसे दूसरे ढोंगी बाबाओं के मामलों में पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां और राजनीतिक दल तब तक कार्रवाई करने से कतराते रहे जब तक वे देश या राज्य के लिए खतरा नहीं बन गए। अमृतपाल के अलावा चर्चित मामला ढोंग विद्या में माहिर नित्यानंद स्वामी का है। नित्यानंद की धोखाधड़ी की गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई। समय रहते हुए कार्रवाई नहीं करने से इससे भारत की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

देश और समाज विरोधी कार्रवाई में लिप्त रहे इन पाखंडी बाबाओं और धर्म के ठेकेदारों को अंदाजा होता है कि राजनीतिक दल और सरकार वोट बैंक खिसकने के डर से आसानी से उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे। यदि सरकार ने ऐसा कोई प्रयास किया तो उनके समर्थक बवाल मचा देंगे। इसी आड़ में वे न केवल समर्थकों की फौज खड़ी कर लेते हैं, बल्कि यहां तक कि हथियारों का जखीरा भी जमा करने से नहीं हिचकिचाते। यही कारण है कि ऐसे ढोंगियों को कानून की परवाह नहीं होती। ऐसा नहीं है कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों को इनकी करतूतों की जानकारी नहीं होती। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ बंधे होते हैं। सत्तारूढ़ दल की स्वीकृति के बगैर कोई कानूनी कार्रवाई सम्भव नहीं होती। अमृतपाल सहित दूसरे ऐसे सरगना सरकारों की ऐसी कमजोरियों का फायदा उठाते हुए सिर उठाते रहे हैं

यह पहला मौका नहीं है जब धर्म की आड़ में हथियार जमा करके खालिस्तान समर्थक अमृतपाल जैसे स्वयंभू धार्मिक प्रचारक ने देश की एकता-अखंडता को चुनौती दी है। दरअसल ऐसे कथित बाबा और स्वयंभू पंथ प्रवर्तक जब तक राज्य और देश के लिए खतरा नहीं बन जाते तब तक पुलिस और अन्य एजेंसियां तमाशबीन बनी रहती हैं। धर्म के नाम पर होने वाले इस तरह के कारनामों से भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब हुई है। राजनीतिक दल ऐसे मुद्दों पर वोट खिसकने के भय से मौन साधे रहते हैं। ऐसे ढोंगियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में तभी लाई जाती है, जब राजनीतिक दलों को इनसे खतरा सताने लगता है।

इससे पहले इनकी सारी आपराधिक हरकतों पर सरकारें वोट बैंक खिसकने के भय से चुप्पी साधे रहती हैं। ऐसा ही खालिस्तान समर्थक और संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल के मामले में हुआ। यह मुद्दा सिरदर्द बनने के बाद सरकारें बगलें झांकने लगी। धर्म की आड़ लेकर समानांतर सरकार चलाने का ख्वाब पालने वाले ऐसे कथित ढोंगियों को राजनीतिक दल शह देते आए हैं। जब पानी सिर से गुजरने लगता है, तब कारवाई की नौबत आती है। अमृतपाल ने जब सरेआम हथियारों के साथ प्रदर्शन किया, तब तक पुलिस कार्रवाई के लिए पंजाब सरकार का मुंह ताकती रही। केंद्र सरकार के चेतावनी देने पर खतरे की गंभीरता के मद्देनजर कानूनी कार्रवाई की पहल की गई।

अमृतपाल से पहले भी दूसरे ऐसे दूसरे ढोंगी बाबाओं के मामलों में पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां और राजनीतिक दल तब तक कार्रवाई करने से कतराते रहे जब तक वे देश या राज्य के लिए खतरा नहीं बन गए। अमृतपाल के अलावा चर्चित मामला ढोंग विद्या में माहिर नित्यानंद स्वामी का है। नित्यानंद की धोखाधड़ी की गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई। समय रहते हुए कार्रवाई नहीं करने से इससे भारत की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ा है। नित्यानंद ने नागरिकों के अलावा अमरीकी सरकार को अपने फरेब के जाल में फांस लिया और यह विश्वास दिला दिया कि वह एक देश कैलाशा का सर्वेसर्वा है। इस आधार पर उसने 30 अमरीकी शहरों को ठग लिया। फर्जीवाड़े की इंतहा यह रही कि नित्यानंद संयुक्त राष्ट्रसंघ तक पहुंचने में कामयाब हो गया। इस दौरान भारत और अमरीका की सुरक्षा एजेंसियां सोती रही। शातिर नित्यानंद के हथकंडों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कागजी देश कैलाशा का प्रतिनिधित्व करते हुए उसकी एक महिला प्रतिनिधि सबकी आंखों में धूल झोंकते हुए संयुक्त राष्ट्रसंघ में ऑनलाइन भारत के खिलाफ भाषण तक दे आई। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र की नींद खुली।

भारत में धार्मिक आस्थाओं से खिलवाड़ करके देशद्रोह का काम करने वाले द्रोहियों की सूची काफी लंबी है। इसी खला में देश की सुरक्षा एजेंसियों को अभी तक इस्लाम के कथित उपदेशक जाकिर नाइक की तलाश है। जाकिर नाइक पर भारत में भडक़ाऊ भाषण देने, मनी लॉन्ड्रिंग करने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप है। मई 2019 में ईडी ने जाकिर नाइक के खिलाफ टेरर फंडिंग मामले में चार्जशीट दायर की थी। नाईक 2016 से भारत से बाहर है। उसके खिलाफ भारतीय एजेंसियो ने नोटिस जारी किया है। इसी तरह ईसाई धर्म की आड़ में धार्मिक आस्थाओं को भुना कर अपने नापाक मंसूबे पूरे करने के प्रयास के मामले में तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक रोमन कैथोलिक पादरी जॉर्ज पोन्नैया को गिरफ्तार किया गया था। पादरी पोन्नैया पर धार्मिक समूहों के बीच नफरत और दुश्मनी फैलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, डीएमके नेता एवं अन्य के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के आरोप लगे थे।

उत्तराखंड प्रहरी

कविता

### वेद-पुराणों और ...



वेद-पुराणों और ग्रंथों का है कहना,
मां ही है दुनिया का सबसे बड़ा गहना।
ब्रह्मा, विष्णु, महेश भी जिसकी करते वंदना,
प्रसन्न हो जिस पर मां कर सकता है वही मां की आराधना।
रहस्य मां की भक्ति का ना किसी ने जाना,
बिन मां के बच्चों का मुश्किल है इक पल भी रहना।
मां बच्चों पर ना आंच कोई भी आने देती,
चाहे मां को खुद दुख पड़े कोई भी सहना।।

सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

## रामनवमी व्रत : अनेक जन्मों के पाप करता है भस्म

रामनवमी एक ऐसा पर्व है जिस पर चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को प्रतिवर्ष नए विक्रमी संवत्सर का प्रारंभ होता है और उसके आठ दिन बाद ही चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी को एक पर्व राम जन्मोत्सव का, जिसे रामनवमी के नाम से जाना जाता है, समस्त देश में मनाया जाता है। इस देश की राम और कृष्ण दो ऐसी महिमाशाली विभूतियां रही हैं जिनका अमिट प्रभाव समूचे भारत के जनमानस पर सदियों से अनवरत चला आ रहा है। रामनवमी भगवान राम की स्मृति को समर्पित है।

राम सदाचार के प्रतीक हैं और इन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। रामनवमी को राम के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। राम को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है जो पृथ्वी पर अजेय रावण (मनुष्य रूप में असुर राजा) से युद्ध लडऩे के लिए आए। राम राज्य (राम का शासन) शांति व समृद्धि की अवधि का पर्यायवाची बन गया है। रामनवमी के दिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में उनके जन्मोत्सव को मनाने के लिए राम जी की मूर्तियों को पालने में झुलाते हैं। इस महान राजा की काव्य तुलसी रामायण में राम की कहानी का वर्णन है।



**मर्यादा पुरुषोत्तम**

भगवान विष्णु ने राम रूप में असुरों का संहार करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया और जीवन में मर्यादा का पालन करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। आज भी मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जन्मोत्सव तो धूमधाम से मनाया जाता है, पर उनके आदर्शों को जीवन में नहीं उतारा जाता। अयोध्या के राजकुमार होते हुए भी भगवान राम अपने पिता के वचनों को पूरा करने के लिए संपूर्ण वैभव को त्याग 14 वर्ष के लिए वन चले गए और आज देखें तो वैभव की लालसा में ही पुत्र अपने माता-पिता का काल बन रहा है।

**राम का जन्म**

पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में कौशल्या की कोख से हुआ था। यह दिन भारतीय जीवन में पुण्य पर्व माना जाता है। इस दिन सरयू नदी में स्नान करके लोग पुण्य लाभ कमाते हैं। अगस्त्यसंहिता के अनुसार 'मंगल भवन अमंगल हारी, दृवहुसु दशरथ अजिर बिहारि॥' अगस्त्यसंहिता के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र, कर्क लग्न में जब सूर्य अन्यान्य पांच ग्रहों की शुभ दृष्टि के साथ मेष राशि पर विराजमान थे, तभी साक्षात भगवान श्रीराम का माता कौशल्या के गर्भ से जन्म हुआ। धार्मिक दृष्टि से चैत्र शुक्ल नवमी का विशेष महत्त्व है। त्रेता युग में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन रघुकुल शिरोमणि महाराज दशरथ एवं महारानी कौशल्या के यहां अखिल ब्रह्माण्ड नायक अखिलेश ने पुत्र के रूप में जन्म लिया था। राम का जन्म दिन के बारह बजे हुआ था। जैसे ही सौंदर्य निकेतन, शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए हुए चतुर्भुजधारी श्रीराम प्रकट हुए तो माता कौशल्या उन्हें देखकर विस्मित हो गईं। राम के सौंदर्य व तेज को देखकर उनके नेत्र तृप्त नहीं हो रहे थे।

वैद्यानिक सूचना

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# सीएम धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 'जन सेवा' कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन

**विधायक द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया इस अवसर पर माननीय विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य जांच कराई।**





**उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप प्रदेश स्तर 'जन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।जिसके अन्तर्गत समस्त विधानसभाओं में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे है इसी श्रृंखला में विधानसभा राजपुर क्षेत्रान्तर्गत अमरीक हॉल, रेसकोर्स गुरू गोविन्द सिंह चैक में विधायक राजपुर खजानदास की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया है।

बहुउददेशीय शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से अपने-विभाग से सम्बन्धित जानकारी जनमानस को दी गई। बहुउद्देशीय शिविर में पंचायतीराज विभाग, समाज कल्याण विभाग, जल संस्थान, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, डेयरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गए थे। विधायक द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया इस अवसर पर विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान माननीय विधायक ने कन्याओं का पूजन भी किया। विधायक राजपुर ने खजानदास ने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से जनमानस की समस्या का उन्ही के क्षेत्र में निस्तारण हो इसके लिए उन्हें भटकना न पड़े इसके लिए राज्य सरकार द्वारा समस्त प्रदेश के विकासखण्ड स्तर पर बहुउद्देशीय शिविर का आयोजित किये जा रहा है। उन्होनें अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करें तथा क्षेत्रों में भ्रमण करें जिससे क्षेत्रवासियों को अपने ही क्षेत्र में समस्याओं का समाधान मिले अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बहुउद्देशीय शिविर में प्राप्त आवेदनों त्वरित प्रक्रिया करते हुए पात्र लाभार्थियों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी अपने स्तर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं आवदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करें, जिससे जनसामान्य को अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु भटकना न पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, सहित पंचायतीराज विभाग, समाज कल्याण विभाग, जल संस्थान, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, डेयरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों के अधिकारी/कार्मिक मौजूद रहे। इस अवसर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# गणेश जोशी ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से लिया आशीर्वाद



**उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो**

**प्रदेश में नए आयाम स्थापित कर रहे सीएम धामी: श्रीमहंत रविंद्रपुरी**

हरिद्वार। प्रदेश के काबीना मंत्री गणेश जोशी ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज से पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने उन्हें माता की चुनरी, नारियल, प्रतिमा भेंट की और शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को श्रीपंचायती अखाड़ा निरंजनी पहुंचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व मां मनसा देवी मंदिर के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के बीच प्रदेश के विकास एवं सैनिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को लेकर वार्ता की। जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि संतों का हृदय निर्मल होता है। संतों की शरण में आने से मन को असीम शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि श्रीमहंत रविंद्रपुरी जनसेवा के काम भी लगातार करते रहते हैं। कहा कि श्रीमहंत रविद्र पुरी से उन्हें गहरा लगाव है। वह जब भी हरिद्वार आते हैं, तो उनके दर्शन जरूर करते हैं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री गणेश सिंह सैनिक कल्याण और श्रमिकों के साथ ही प्रदेश के विकास के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश में नए-नए आयाम स्थापित कर रहे हैं, जो अनुकरणीय और सराहनीय है उन्होंने कहा कि नवरात्र को नारी शक्ति सब के रूप में मनाने के लिए सभी जनपदों में देव उपासना के कार्यक्रमों का आयोजन जैसे कार्य भी पहली बार हुए हैं, जो बेहद ही सराहनीय है।मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक गौड़ भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, महामंत्री आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी, सचिन शर्मा, अभिषेक गौड़, मनोज मंत्री, लव शर्मा, राजेश शर्मा, हीरा बिष्ट, तरुण नैय्यर, अंकुश कौशिक, सीओ यातायात राकेश सिंह रावत, नगर कोतवाल भावना कैंथोला आदि उपस्थित थे।

# चारधाम यात्रा मार्ग पर में हेल्थ एटीएम से श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा: सीएम धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में सीएम पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में शनिवार को आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं निदेशक कार्पोरेट अफेयर एण्ड सी.एस.आर. हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के मध्य 50 हेल्थ ए.टी.एम. को गढ़वाल मण्डल के चिन्हित चिकित्सा इकाईयों में स्वास्थ्य स्क्रीनिंग हेतु अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में हेल्थ ए.टी.एम. की सुविधा होने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। चारधाम यात्रा मार्ग पर चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिए यह एक अच्छा कदम होगा। मुख्यमंत्री ने मानस खण्ड स्थित पवित्र स्थानों मानसरोवर यात्रा, बैजनाथ धाम, कैंची धाम, पूर्णागिरी, चितई धाम के लिए भी हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज हेल्थ ए.टी.एम. सुविधा प्रदान करने की अपेक्षा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केदारखण्ड की तर्ज पर मानस खण्ड हेतु भी सी.एस.आर. के अन्तर्गत ये सेवायें हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज जनहित में प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां न हो, इसके लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है। हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के निदेशक अंकुर मल्होत्रा ने कहा कि सी.एस.आर. के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जा रहे हेल्थ ए.टी.एम. द्वारा 70 से अधिक परीक्षण किये जा सकेंगे एवं टेली मेडिसिन सेवायें भी प्रदत्त की जायेंगी। हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के द्वारा 24 घण्टे ये सेवायें प्रदान की जायेंगी। सभी उपकरण स्थापित होने से आगामी 03 माह तक हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के इंजीनियरों द्वारा हेल्थ ए.टी.एम. की देखरेख की जायेगी। अद्यतन हेल्थ ए.टी.एम. हेतु 01 वर्षीय सी.एम.सी. सेवायें भी हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज द्वारा प्रदान की जायेंगी। हेल्थ ए.टी.एम. का शुभारम्भ 24 अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, डा. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव श्रीमती अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डा. विनीता शाह, निदेशक स्वास्थ्य डा. सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डा. आशुतोष सयाना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन, संयुक्त सचिव महावीर सिंह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रतिनिधि डा. अजय नागरकर, हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के कार्पोरेट अफेयर हेड सुशील भाट्ला, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर ईशान अग्रवाल, सी.एस.आर. एवं विवेक अग्रवाल उपस्थित थे।

# अडाणी मामले में जेपीसी की मांग करते हुए विपक्षी दलों ने मार्च निकाला




**नई दिल्ली।** कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं ने अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर शुक्रवार को संसद भवन से विजय चौक तक मार्च निकाला।

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार देश में लोकतंत्र और विपक्ष को खत्म करना चाहती है। विपक्ष के इस मार्च की अगुवाई कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, सभी दलों के सांसद और सदन के नेता जेपीसी की मांग को लेकर यहां प्रदर्शन कर रहे हैं। एक बात स्पष्ट है कि मोदी जी जनता से कुछ छिपाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी जैसे लोग हजारों करोड़ रुपए लेकर भाग गए... हम अडाणी की बात कर रहे थे तो भाजपा के लोग ओबीसी की बात ला रहे हैं। जो लोग पैसे लेकर भागे हैं, उनसे ओबीसी का क्या मतलब है। खरगे ने दावा किया, सरकार सुनना नहीं चाहती है।

वह डर गई है क्योंकि दाल में कुछ काला है। उन्होंने राहुल गांधी को मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने तथा दो साल की सजा सुनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने संसद में सच बोला है। खरगे ने कहा, राहुल गांधी ने आज लोकसभा में बोलने की कोशिश की। उन्होंने पहले भी बोलने की अनुमति मांगी थी, लेकिन उनकी मांग को स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि अगर ए लोग (सत्तापक्ष) इसी चाल से चले तो देश में तानाशाही आ जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ए लोग ईडी और सीबीआई की धमकी दे रहे हैं। लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। हम देश और संविधान को बचाने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने आरोप लगाया, मोदी जी का नारा है, विपक्ष को खत्म करो, अपने भाइयों को बचाओ। विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है।





# सीएम धामी ने उत्तराखंड की बेटी दिव्या नेगी को किया सम्मानित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में उत्तराखंड की बेटी दिव्या नेगी को सम्मानित किया। दिव्या नेगी ने नई दिल्ली में नेशनल यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल में भारत में जी -20 का प्रतिनिधित्व : एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य विषय पर भाषण दिया था, जिसे काफी सराहना मिली।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दिव्या नेगी को राज्य सरकार की उपलब्धि पर आधारित पुस्तक 'एक साल नई मिसाल' एवं 'मोदी @20 ड्रीम मीट डिलीवरी' पुस्तक भेंट की।

# लाहौल घाटी को लद्दाख के जांस्कर से जोड़ने वाला शिंकू ला दर्रा फिर खुला



**मनाली।** हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी को लद्दाख के कारगिल जिले की जांस्कर घाटी से जोड़ने वाला शिंकू ला दर्रा दो महीने बाद फिर से खोल दिया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। जांस्कर की तरफ से हल्के वाहनों को मनाली की ओर जाने दिया गया।


सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के योजक प्रोजेक्ट के निदेशक कर्नल विकास गुलिया ने कहा कि अगले आदेश तक केवल स्थानीय रूप से पंजीकृत वाहनों को दारचा और पदुम के बीच चलने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तापमान शून्य से 25 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरने के बावजूद गुरुवार को फिर से खोल दिया गया।

16,580 फीट पर शिंकू ला दर्रा 23 जनवरी से बंद था। बर्फ से लदा दर्रा सर्दियों के महीनों के दौरान बंद रहता है, जिससे ज़ांस्कर घाटी का संपर्क टूट जाता है। कर्नल गुलिया ने कहा कि लगभग 300 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दारचा रोड को हर मौसम में चलने वाली सड़क में बदल दिया जाएगा और बीआरओ जल्द ही चार किलोमीटर लंबी शिंकू ला सुरंग पर काम शुरू करेगा।

**3 बजे के बीच दारचा-पदुम खंड पर अनुमति दी जाएगी**

लाहौल के उपायुक्त सुमित खिमटा ने कहा कि खराब मौसम की स्थिति के कारण केवल स्थानीय रूप से पंजीकृत 4x4 वाहनों को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच दारचा-पदुम खंड पर अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटक वाहनों को दारचा से आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# ISRO का LVM-3 रॉकेट ब्रिटिश कंपनी वनवेब के 36 उपग्रहों को करेगा लांच, उलटी गिनती शुरू



**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के एलवीएम-3 प्रक्षेपण यान से ब्रिटेन की कंपनी वनवेब के 36 उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने के लिए होने वाले प्रक्षेपण से पहले शनिवार को उल्टी गिनती शुरू हो गई।

इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम-एम3 को श्रीहरिकोटा स्थित शार प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ब्रिटिश कंपनी वन वेब के उपग्रहों को प्रक्षेपित किये जाने से साढ़े 24 घंटे पहले उल्टी गिनती शुरू कर दी गई है। कल सुबह शार प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे नंबर के लांच पैड से इसे एलवीएम-एम3 को प्रक्षेपित किया जाएगा।

इसरो ने ट्वीट कर कहा "एलवीएम-एम3 या वन वेब इंडिया-2 मिशन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।" कुल 643 टन वजनी और 43.5 मीटर लंबा यह प्रक्षेपण यान इसरो का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है जो अब तक पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है जिसमें चंद्रयान -2 मिशन भी शामिल है और अब वह कल सुबह नौ बजे दूसरे लांच पैड से ब्रिटिश कंपनी वन वेब के 36 उपग्रहों को लेकर एक बार फिर अंतरिक्ष की उड़ान की तैयारी में है। ये 36 उपग्रह 5805 टन वजनी हैं।

उल्टी गिनती के दौरान तीन स्तर वाले प्रक्षेपण यान, जिसके तीसरे स्तर पर क्रायोजेनिक सी -25 इंजन को लगाया गया है, में प्रणोदक भरने का काम किया जायेगा। इसरो ने बताया कि मौजूदा मिशन एलवीएम3-एम3, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का दूसरा समर्पित वाणिज्यिक उपग्रह मिशन है जिसे उसके ग्राहक ब्रिटिश कंपनी मैसर्स नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (मैसर्स वन वेब) के लिए चलाया जा रहा है। एलवीएम -3 इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान जीएसएलवीएमके -3 का ही नया नाम है जो सबसे भारी उपग्रहों को निश्चित कक्षा में प्रक्षेपित करने की क्षमता रखता है।

# किफायती घरों की आपूर्ति में गिरावट का दौर जारी



**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में 40 लाख रुपए से कम कीमत वाले किफायती घरों की कुल नए घरों में हिस्सेदारी घटकर पिछले साल 20 प्रतिशत पर आ गई। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनरॉक ने यह जानकारी दी है। एनरॉक ने किफायती घरों की संख्या में आई इस गिरावट के लिए महंगी जमीन, कम लाभ और कम ब्याज दरों पर वित्त नहीं मिलने जैसे कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।

आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट डेवलपर ने वर्ष 2022 में देश के सात प्रमुख शहरों में कुल 3,57,650 घरों की आपूर्ति की जिनमें से सिर्फ 20 प्रतिशत घर ही किफायती श्रेणी में थे। इसके पहले साल 2018 में कुल 1,95,300 घर तैयार किए गए थे, जिनमें से 40 प्रतिशत घर किफायती श्रेणी के थे। वर्ष 2019 में बने कुल 2,36,560 घरों में से किफायती घरों का हिस्सा 40 प्रतिशत पर स्थिर रहा। हालांकि वर्ष 2020 में निर्मित कुल 1,27,960 इकाइयों में से किफायती घरों का हिस्सा गिरकर 30 प्रतिशत रह गया। इन सात शहरों में वर्ष 2021 में तैयार कुल 2,36,700 घरों में से किफायती घरों का आंकड़ा और भी गिरावट के साथ 26 प्रतिशत पर गया। किफायती घरों की संख्या में गिरावट का दौर पिछले साल भी जारी रहा और कुल नई आवासीय इकाइयों में किफायती घरों का अनुपात गिरकर 20 प्रतिशत रह गया।

एनरॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, "किफायती घरों की तादाद कम होने के पीछे कई कारक हैं। इनमें एक निश्चित रूप से जमीन है। डेवलपर मध्यम एवं प्रीमियम श्रेणी वाली इकाइयां बनाकर जमीन की लागत की आसानी से भरपाई कर सकते हैं लेकिन किफायती घरों के मामला अलग हो जाता है। रियल्टी फर्म सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने किफायती घरों की संख्या कम होने के पीछे बढ़ती निर्माण लागत और जमीन की कीमतों को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इस श्रेणी में नई परियोजनाएं लाने की गुंजाइश ही ही नहीं बची है।

एनरॉक ने कहा कि ऐसी स्थिति में नए घर की तलाश करने वाले लोगों की मांग 40 लाख रुपए से अधिक और 1.5 करोड़ रुपए से कम कीमत वाले घरों की तरफ केंद्रित हो गई है।



# भारत के साथ व्यापार 2030 तक दोगुना होने की संभावना: ब्रिटिश उप उच्चायुक्त

**कोच्चि।** भारत में ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त चंद्रू अय्यर ने कहा है कि दोनों देश व्यापारिक एवं कारोबारी संबंधों को मजबूत करने के लिए मिलकर प्रयास कर रहे हैं और इसके वर्ष 2030 तक दोगुना हो जाने की संभावना मौजूद है।

केरल के दौरे पर आए अय्यर ने कहा कि भारत और ब्रिटेन निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, "अगर आप अक्टूबर-दिसंबर 2022 की तिमाही के व्यापार आंकड़ों को देखें तो यह 34 अरब ब्रिटिश पाउंड रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 19 अरब डॉलर था। इस तरह व्यापार एवं कारोबार में तगड़ा उछाल आया है।"

अय्यर ने कहा कि दोनों देश आपस में अधिक कारोबार कर रहे हैं लिहाजा इस आंकड़े के वर्ष 2030 तक दोगुना होने की आकांक्षा दिख रही है।

उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को एक वैश्विक परिघटना बताते हुए कहा कि सभी देशों पर इसका किसी-न-किसी रूप में असर पड़ रहा है लेकिन भारत और ब्रिटेन के उद्यमी इस प्रतिकूल समय में भी जुझारूपन दिखा रहे हैं।

इस यात्रा के दौरान उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से मुलाकात भी की है। इसके अलावा उन्होंने तिरुवनंतपुरम और कोच्चि में स्थानीय उद्यमियों से भी कारोबारी मुद्दों पर चर्चा की।

## एवलॉन टेक्नोलॉजीज का आईपीओ तीन अप्रैल को खुलेगा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवाएं देने वाली कंपनी एवलॉन टेक्नोलॉजीज का ८६५ करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) तीन अप्रैल को खुलेगा। कंपनी के आईपीओ संबंधी प्रारंभिक दस्तावेज के मुताबिक, उसका तीन-दिवसीय सार्वजनिक निर्गम छह अप्रैल को बंद होगा। एंकर निवेशक ३१ मार्च को बोली लगा सकेंगे। पहले कंपनी का १,०२५ करोड़ रुपए का आईपीओ लाने का प्रस्ताव था लेकिन बाद में इसका आकार घटाकर ८६५ करोड़ रुपए कर दिया गया है। सार्वजनिक निर्गम के तहत कंपनी ३२० करोड़ रुपए नए शेयर जारी कर जुटाएगी जबकि प्रवर्तकों एवं मौजूदा शेयरधारकों के पास मौजूद शेयरों की खुली बिक्री से ५४५ करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। वर्ष १९९९ में स्थापित एवलॉन अन्य कंपनियों को इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवाएं देने का काम करती है। अमेरिका और भारत में इसके १२ विनिर्माण संयंत्र हैं।




# जनता की डिमांड पर फिर बाजार में पल्सर 220F वैरिएंट में उतारा गया

**नई दिल्ली।** जनता की डिमांड पर बजाज ने वर्ष 2022 में बंद अपनी सेमी फैयर्ड बाइक को फिर से बाजार में उतारा है। बजाज पल्सर एफ को अब नए फीचर्स और आकर्षक रेंज में उतारा गया है। कंपनी ने बाइक की एक्स शोरूम कीमत 1.40 लाख रुपए रखी है।

पल्सर 220F को सिंगल वैरिएंट में उतारा गया है और इसकी किसी से भी प्रतिस्पर्धा नहीं है। बाइक में सिंगल 220सीसी का सिलेंडर दिया गया है, जिसमें एयर कूल्ड, फ्यूल इंजेक्टेड इंजन है। इंजन में फाइव स्पीड गियर्स दिए गए हैं। कंट्रोल के लिए इसमें दोनों व्हील में डिस्क ब्रेक दिए गए हैं।

# बीपीसीएल ने दक्षिण भारत में 15 राजमार्गों पर बनाए 19 ईवी चार्जिंग गलियारे




**कोच्चि।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी बीपीसीएल ने कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में 15 राजमार्गों पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए 19 फास्ट-चार्जिंग गलियारे बनाए हैं।

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के कार्यकारी निदेशक प्रभारी (खुदरा) पी एस रवि ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन राजमार्ग गलियारों पर हरेक 100 किलोमीटर पर एक ईवी फास्ट-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा, विभिन्न इलेक्ट्रिक गलियारों में विभाजित 110 पेट्रोल पंप स्टेशनों के बीच ए फास्ट-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।


रवि ने बताया कि कंपनी ने केरल में 19 पेट्रोल पंपों के साथ तीन ईवी गलियारे, कर्नाटक में 33 स्टेशनों के साथ छह गलियारे और तमिलनाडु में 58 स्टेशनों के साथ 10 गलियारे पेश किए हैं।

इस कार्यक्रम में दक्षिण भारत में खुदरा कारोबार के प्रमुख पुष्प कुमार नायर ने कहा, एक ईवी को चार्ज करने में सिर्फ 30 मिनट लगते हैं। हमने दो चार्जिंग स्टेशनों के बीच 100 किलोमीटर की दूरी सुनिश्चित की है।

# मुंबई और दिल्ली के बीच फाइनल में रोचक मुकाबले की उम्मीद

**मुंबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में खिताब जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

भारतीय कप्तान ने टूर्नामेंट के शुरू में तीन अर्धशतक जमाए थे लेकिन वह अपनी इस फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाई। उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ एलिमिनेटर में केवल 14 रन बनाए। इस मैच में नैट साइवर ब्रंट ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर नाबाद 72 रन की पारी खेली और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई को फाइनल में यदि बड़ा स्कोर खड़ा करना है तो हरमनप्रीत हो अच्छी पारी खेलनी होगी जबकि साइवर ब्रंट को भी अहम योगदान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज और दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग मुंबई की कप्तान की लचर फॉर्म का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने धीरे-धीरे लय हासिल करके मुंबई को अंक तालिका में शीर्ष से हटाया था। उसकी तरफ से बल्लेबाजी में अभी तक लैनिंग और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजान कैप ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसके बावजूद इन दोनों टीमों में से किसी को भी फाइनल में जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता है। दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए खिताबी मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। लीग चरण में दिल्ली और मुंबई ने एक दूसरे के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी। इन दोनों टीमों ने लीग चरण में समान 12 अंक हासिल किए थे लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर चोटी पर रही। फाइनल ब्रेबोर्न स्टेडियम पर खेला जाएगा जिसमें मुंबई में अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। दिल्ली ने इस मैदान पर दो मैच जीते जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। मुंबई की तरफ से अभी तक साइवर ब्रंट ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में 272 रन बनाने के अलावा 10 विकेट भी लिए हैं।




**टीम इस प्रकार हैं:**

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, राधा यादव, शिखा पांडे, मारिजान कैप, टाइटस साधु, लौरा हैरिस, तारा नॉरिस, जसिया अख्तर, मिन्नू मणि, तान्या भाटिया (विकेटकीपर), पूनम यादव, जेस जोनासेन, स्नेहा दीप्ति, अरुंधति रेड्डी, अपर्णा मंडल।

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), नैट साइवर-ब्रंट, अमेलिया केर, पूजा वस्त्राकर, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हीथर ग्राहम, इसाबेल वोंग, अमनजोत कौर, धारा गुज्जर, सैका इशाक, हेली मैथ्यूज, क्लो ट्राईन, हुमायरा काजी, कोमल जंजाद, प्रियंका बाला, सोनम यादव, नीलम बिष्ट, जिंतमणि कलिता।

मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी स्विस ओपन के सेमीफाइनल में



**बासेल।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे को हराकर स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार की रात को खेले गए मुकाबले में 54 मिनट में 15-21, 21-11, 21-14 से जीत दर्ज की।

सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला ओंग यू सिन और टियो ई ई की मलेशियाई जोड़ी से होगा। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन जैसे खिलाडय़ों के शुरू में ही बाहर हो जाने के बाद अब भारत का दारोमदार पुरुष युगल की इस स्टार जोड़ी पर ही टिका है।

भारतीय जोड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले गेम में एक समय वह केवल 15-16 के स्कोर पर एक अंक से पिछड़ रही थी लेकिन इसके बाद डेनमार्क की जोड़ी ने लगातार छह अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया।

सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में लय हासिल की और इंटरवल तक 11-4 की मजबूत बढ़त बना दी। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

तीसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया और इंटरवल तक वह 11-7 से आगे थी। इसके बाद उसने सात अंक की बढ़त बनाई और उसे आखिर तक बरकरार रखकर शान से सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारतीय जोड़ी ने इस टूर्नामेंट में अच्छी वापसी की है क्योंकि इससे पहले ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उसे पहले दौर में ही बाहर होना पड़ा था।

## अतंरराष्ट्रीय

# ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ ब्रिक्स बैंक की नई प्रमुख चुनी गईं



**बीजिंग।** ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ शुक्रवार को निर्विरोध रूप से न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) की नई प्रमुख चुनी गईं। डीएनबी ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा स्थापित एक बहुपक्षीय वित्तीय संस्थान है, जिसे ब्रिक्स बैंक के नाम से भी जाना जाता है। रूसेफ (75) एनडीबी प्रमुख के रूप में मार्कोस त्रोयजो की जगह लेंगी। इस बैंक का मुख्यालय शंघाई में है।

एनडीबी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ब्रिक्स देशों के एनडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने रूसेफ को सर्वसम्मति से तत्काल प्रभाव से बैंक के अध्यक्ष के रूप में चुना है। रूसेफ ब्राजील के मौजूदा राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की करीबी सहयोगी मानी जाती हैं, जिन्होंने पिछले साल अक्टूबर में हुए राष्ट्रपति चुनावों में जायर बोल्सोनारो को शिकस्त दी थी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर 26 मार्च को लूला की चीन यात्रा से पहले रूसेफ की नियुक्ति की घोषणा की गई थी। जानी-मानी अर्थशास्त्री रूसेफ लगातार दो बार ब्राजील की राष्ट्रपति चुनी गई थीं। हालांकि, 2016 में उन्हें बजट में हेरफेर के आरोपों के बाद पद से हटा दिया गया था।

# आतंकवाद से जुड़े पांच मामलों में इमरान की अग्रिम जमानत की अवधि 27 मार्च तक बढ़ाई गई

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने आतंकवाद से जुड़े पांच मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दी गई अग्रिम जमानत की अवधि शुक्रवार को 27 मार्च तक के लिए बढ़ा दी।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान (70) शुक्रवार को कड़े सुरक्षा घेरे के बीच लाहौर उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों वाली पीठ के समक्ष पेश हुए। इमरान को पिछले हफ्ते आतंकवाद के इन मामलों में गिरफ्तारी से 24 मार्च तक के लिए सुरक्षा प्रदान की गई थी। इन पांच मामलों में से एक इस्लामाबाद में एक न्यायिक परिसर में कथित हमले से संबंधित है। सरकार के विधि अधिकारी ने इमरान की अग्रिम जमानत अवधि बढ़ाने का



यह कहते हुए विरोध किया कि उन्हें इस्लामाबाद की अदालत से जमानत हासिल करनी चाहिए। इमरान ने पिछले हफ्ते लाहौर उच्च न्यायालय में कहा था कि इस्लामाबाद की एक अदालत में पेशी के दौरान इस्लामाबाद पुलिस और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के जवानों ने उनकी कार पर आंसू गैस के गोले दागे थे, जिसके बाद पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प शुरू हो गई थी। इमरान ने दावा किया था कि इस्लामाबाद में उनकी हत्या की साजिश रची गई थी और यही कारण है कि वह लाहौर लौट आए।

पीटीआई प्रमुख ने अदालत से कहा, मेरी जान को खतरा है। मैं अदालत से अनुरोध करता हूं कि वह उस वीडियो को देखे ताकि उसे पता चले कि मैं न्यायिक परिसर के बाहर 40 मिनट से इंतजार कर रहा था, क्योंकि मैं सच बोल रहा हूं।

# सीरिया से दोस्ती करेगा सऊदी अरब, ईद के बाद होगी बड़ी शुरुआत

**रियाद।** रमजान का महीना शुरू हो गया है और इस बीच इस्लामिक दुनिया में एकता का माहौल बनता दिख रहा है। पिछले दिनों ही ईरान के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों को बहाल करने का ऐलान कर सऊदी अरब ने बड़ी पहल की थी। शिया और सुन्नी जमात के अगुवा दोनों देशों की नजदीकी वैश्विक राजनीति के लिहाज से भी बेहद अहम है। अब इसी कड़ी में सऊदी अरब ने सीरिया के साथ भी अपने कूटनीतिक संबंधों को बहाल करने का फैसला लिया है। दोनों देशों ने एक दशक पहले संबंध समाप्त कर लिए थे और दूतावासों को बंद कर दिया गया था। अब सीरिया और सऊदी अरब ने फैसला लिया है कि वे एक-दूसरे के यहां अपने दूतावासों को फिर से खोलेंगे। माना जा रहा है कि ईरान से सऊदी अरब की नजदीकी के चलते ऐसा हुआ है। ईरान की ओर से सीरिया को मदद की जाती रही है। इसी के चलते सऊदी अरब की उससे दूरी थी।

## उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें


### महाराष्ट्र : खुद को एनसीबी अधिकारी बताने वाले चार लोग गिरफ्तार

**अकोला (महाराष्ट्र)।** पुलिस ने महाराष्ट्र के अकोला जिले में अपने आप को कथित तौर पर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबीआई) के अधिकारी बताने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे एक कार जब्त की है जिस पर राष्ट्रीय प्रतीक, मादक पदार्थ रोधी एजेंसी का लोगो और वीआईपी बत्ती लगी हुई थी। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन लोगों



को जिले में दहीहांडा गांव से बृहस्पतिवार रात को गिरफ्तार किया गया, जहां आरोपी पिछले एक महीने से पान दुकान मालिकों और अन्य विक्रेताओं के खिलाफ कार्वाई कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मामले में अपने आप को अधिकारी बताने वाला मुख्य आरोपी अकोला का रहने वाला है तथा एमटेक डिग्री धारक है। दहीहांडा पुलिस थाने के निरीक्षक सुरेंद्र राउत ने कहा, हमें सूचना मिली थी कि कुछ लोग अपने आप को एनसीबी अधिकारी तथा कर्मचारी बता रहे थे और पिछले एक महीने से यहां सक्रिय थे। हमें बताया गया कि अपनी फर्जी पहचान के जरिए वे पान दुकान मालिकों और अन्य विक्रेताओं के खिलाफ कार्वाई कर रहे हैं। कुछ स्थानीय लोगों को उनकी गतिविधियों पर संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। राउत ने कहा, पुलिस ने चारों लोगों को हिरासत में ले लिया। वे एक निजी वाहन का इस्तेमाल करते पाए गए जिसके आगे और पीछे की तरफ राष्ट्रीय प्रतीक छपा हुआ था तथा नंबर प्लेट पर उप मंडल निदेशक-एनसीबी लिखा हुआ था। कार की छत पर वीआईपी बत्ती लगी हुई थी। उनके पास फर्जी लेटरहेड और मुहरें भी पाई गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### न्यायिक हिरासत में बंद मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर पांच अप्रैल को होगी सुनवाई




**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी की न्यायिक हिरासत में दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर होने वाली सुनवाई शनिवार को टाल दी गई है। उनकी जमानत याचिका पर अब अगली सुनवाई पांच अप्रैल को होगी। सिसोदिया के वकील ने कहा की उनको ईडी के जवाब की कॉपी अभी नहीं मिली है और उनको जवाब दाखिल करने के लिए अभी और समय चाहिए। वकील की इस दलील के बाद सुनवाई टाल दी।

### खालिस्तान समर्थक अमृतपाल की तलाश जारी

**बरेली।** खालिस्तान समर्थक और 'वारिस पंजाब दे' संगठन के संचालक अमृतपाल की तलाश में पुलिस नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी बरत रही है। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली पीसी मीना ने शनिवार को बताया कि खालिस्तान समर्थक को लेकर देशभर में अलर्ट जारी हो चुका हैं। इसके अंतर्गत पीलीभीत- नेपाल बार्डर पीलीभीत जिले में नेपाल सीमा से लगे हजारा और माधोटांडा थाना क्षेत्र में पर चौबीस घंटे गहन निगरानी कराई जा रही है। शुक्रवार से बार्डर क्षेत्र में वाहनों की सघन चेकिंग शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित पुलिस कप्तानों को सतर्कता व चेकिंग के निर्देश दिए हैं।

# उप्र में आदित्यनाथ सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा किया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के छह साल के शासन के दौरान प्रदेश ने आधारभूत ढांचा मजबूत किया और उस धारणा को तोड़ा कि यहां हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता है। प्रदेश में आदित्यनाथ नीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का शनिवार को एक वर्ष पूरा कर लिया।

सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने देश और दुनिया में एक नई पहचान बनाई है। यहां लोक भवन के सभागार में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, छह वर्ष में तीन वर्ष वैश्विक महामारी से लड़ते व्यतीत हुए और उसी में से हमने राह भी निकाली। उत्तर प्रदेश ने अनेक उपलब्धियां हासिल कीं। कहा जाता था कि उत्तर प्रदेश में विकास नहीं हो सकता, वह आज प्रधानमंत्री की प्रेरणा से नंबर एक की दौड़ में है और यह यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, छह वर्ष में जो परिवर्तन हुआ वह परिवर्तन नए उत्तर प्रदेश की गाथा को सबके सामने रखता है। ए छह वर्ष उत्तर प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। पूर्ण बहुमत की सरकार और सरकार की स्थिरता भाजपा ने परस्पर समन्वय व संवाद से प्राप्त की। विपक्षी दलों पर हमला करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, उत्तर प्रदेश में परंपरागत जाति, मजहब, भ्रष्टाचार व परिवारवाद के नाम पर राजनीति हुआ करती थी, लेकिन उससे अलग हटकर प्रदेश की पहचान, उत्तर प्रदेश के अनुरूप असीम संभावना वाले प्रदेश के रूप में हो, उसके लिए हमारी पूरी टीम ने काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह वही उत्तर प्रदेश है जिसके बारे में सोच थी कि वहां तो परिवारवाद है, वहां तो भ्रष्टाचार है, वहां हर दूसरे-तीसरे दिन एक दंगा होता है।

उन्होंने दावा किया, छह वर्ष में उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त हुआ और अपने आधारभूत ढांचा को मजबूत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, अपने युवाओं के बारे में एक बेहतरीन सोच को आगे बढ़ाने वाले राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान हो रही है, जहां सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता तथा निजी क्षेत्र में ढेर सारी संभावना है।

## तेजस्वी यादव सीबीआई मीसा ईडी के सामने पेश

**पटना।** आरजेडी नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शनिवार को दिल्ली स्थित सीबीआई हैडक्वार्टर पहुंचे। काफी ना-नुकुर के बाद उनकी केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेशी हुई। जमीन के बदले नौकरी मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती की पिछले



दिनों दिल्ली की एक अदालत में पेशी हुई थी, जिसमें उन्हें जमानत मिल गई थी। उसी लैंड फॉर जॉब स्कैम केस में तेजस्वी यादव से शनिवार को सीबीआई ने पूछताछ की। पूछताछ के बीच में लंच के लिए तेजस्वी कुछ देर के लिए बाहर भी निकले। सीबीआई दफ्तर के लिए निकलने से पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम हमेशा जांच एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। उन्होंने कहा देश में ताजा हालात ऐसे हैं, जिसमें लडना कठिन हो गया है पर हमने तय तय है कि हम इस स्थिति के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। इससे पहले सीबीआई ने कोर्ट में ये भरोसा दिलाया था कि वह पूछताछ के बाद तेजस्वी को गिरफ्तार नहीं करेगी। इसी के बाद आरजेडी नेता सीबीआई के सवालों का जवाब देने के लिए दिल्ली स्थित मुख्यालय आए। वहीं दूसरी ओर, तेजस्वी यादव की बड़ी बहन और राजद सांसद मीसा भारती भी पूछताछ के लिए शुनिवार को ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं।


## पीएम ने बेंगलुरु में किया मेट्रो लाइन का उद्घाटन, काउंटर से टिकट खरीदा



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो की व्हाइटफील्ड-कृष्णराजपुरा लाइन का उद्घाटन किया और इसकी सवारी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु मेट्रो में हैं और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से बातचीत कर रहे हैं।" व्हाइटफील्ड मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर, नरेंद्र मोदी ने टिकट काउंटर से एक टिकट खरीदा और फिर इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने तब व्हाइट फील्ड मेट्रो लाइन के उद्घाटन को चिह्नित करने के लिए पट्टिका का अनावरण किया और मेट्रो में सवार होने के लिए मंच की ओर बढ़े। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने बेंगलुरु मेट्रो के कर्मचारियों से भी बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी के साथ कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी थे। प्रधानमंत्री का देश भर में विश्व स्तरीय शहरी गतिशीलता बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान रहा है। इसके अनुरूप, बैंगलोर मेट्रो फेज 2 के तहत व्हाइटफील्ड मेट्रो से कृष्णाराजपुरम मेट्रो लाइन ऑफ रीच-1 विस्तार परियोजना के 13.71 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन मोदी ने व्हाइटफील्ड मेट्रो स्टेशन पर किया।

## कोविड-19 संक्रमण हमारे जीन की संरचना में बदलाव कर सकता है : अध्ययन

**नई दिल्ली, (भाषा)।** सार्स-सीओवी-2 वायरस से संक्रमित लोगों की जीनोम संरचना में बदलाव हो सकता है जो उनके प्रतिरक्षा संबंधी लक्षणों और लंबे समय तक कोविड-19 से संक्रमित रहने के जोखिम के बारे में बता सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, हमारी कोशिकाओं में आनुवंशिक सामग्री, कोशिकाओं के केंद्रक में पाए जाने वाली क्रोमैटिन नामक संरचना में जमा होती है। ऐसा पता चला है कि अन्य श्रेणियों के कुछ वायरस हमारे क्रोमैटिन में बदलाव कर देते हैं ताकि वे हमारी कोशिकाओं में सफलतापूर्वक फिर से पैदा हो सकें।




अभी यह पता नहीं चला है कि सार्स-सीओवी-2 क्या हमारे क्रोमैटिन पर असर डालते हैं और अगर डालते हैं तो कैसे। पत्रिका नेचर माक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित यह अध्ययन कोविड-19 संक्रमण के बाद मानव कोशिकाओं में क्रोमैटिक संरचना पर प्रकाश डालता है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और अमेरिका के ह्यूस्टन में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर में सहायक प्रोफेसर वेनबो ली ने कहा, हमने पाया कि किसी सामान्य कोशिका में अच्छी तरह से बनी कई क्रोमैटिन संरचना संक्रमण के बाद अव्यवस्थित हो जाती हैं। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए एबी कम्पार्टमेंट्स नाम की एक क्रोमैटिन संरचना होती है जो हमारे क्रोमैटिन में पाए जाने वाले यिन और यांग भाग की तरह हो सकती है। सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के बाद हमने पाया कि यिन और यांग भाग अपना सामान्य आकार खो देते हैं और एक-दूसरे में मिश्रित हो जाते हैं।

# ऑस्कर अवार्ड जीतने के बाद गुनीत मोंगा को किया गया अस्पताल में भर्ती

ऑस्कर पुरस्कार जीतने के बाद फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके पीछे कारण यह है कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। इस बात का खुलासा एमएम कीरावानी ने किया है। उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने बताया है कि गुनीत मोंगा को सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्कर में जीत के बाद उनकी स्पीच को काट दिया गया था।



**भारत ने दो ऑस्कर पुरस्कार जीते हैं**

गौरतलब है कि भारत ने पंचानवे एकेडमी अवार्ड में इतिहास रच दिया है। भारत ने दो ऑस्कर पुरस्कार जीते हैं। पहला आरआरआर फिल्म के गाने नाटू-नाटू के लिए बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग केटेगरी में दिया गया है। वहीं, दूसरा बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट्स के लिए मिला है। एमएम कीरावानी ने अवार्ड स्टेज पर जाकर स्वीकार किया था। इसके साथ उन्होंने फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली का आभार व्यक्त किया था।

**गुनीत मोंगा को अस्पताल में भर्ती कराया गया था**

जब गुनीत मोंगा स्टेज पर बोलने आई। तब टाइम की कमी की वजह से उनकी स्पीच को कट शॉट कर दिया गया था। इसके चलते कई लोगों ने ऑस्कर पुरस्कार को भी ट्रोल किया था। गुनीत को लेकर अब एमएम कीरावानी ने एक नया इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्हें खुलासा किया है कि गुनीत को उस घटना के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया क्योंकि उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। इसके पहले गुनीत मोंगा ने इस बात को बताया था कि ऑस्कर पुरस्कार जीतने के बाद उनके चेहरे पर शॉक का भाव था।

## बिग बॉस शो से निकलने के बाद लोग कराते हैं थेरेपी



बिग बॉस 7 में साथ नजर आए अपूर्वा अग्निहोत्री और शिल्पा सकलानी ने अब एक इंटरव्यू दिया है। गौरतलब है कि यह दोनों टीवी इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल में से एक है। दोनों 18 वर्ष की शादी के बाद 3 दिसंबर 2022 को माता-पिता बने हैं। दोनों इसे लेकर काफी खुश हैं। अब दोनों ने एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने बिग बॉस 7 की अपनी जर्नी के बारे में बात की है। गौरतलब है कि इस शो में दोनों ने साथ में भाग लिया था। शुरुआत में दोनों बताते हैं कि दोनों को शो मेकर से भाग लेने के लिए फोन आया था लेकिन दोनों ने सातवें सीजन में जाने का निर्णय लिया। दोनों को इसके पहले अलग-अलग बुलाया जाता था। इसके चलते उन्होंने इसे मना कर दिया था लेकिन जब दोनों को कपल के तौर पर बुलाया गया, तब दोनों ने साथ में जाने का निर्णय लिया। दोनों ने इस अवसर पर बताया कि उनकी बिग बॉस की जर्नी अच्छी नहीं रही। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस शो को लेकर उत्साहित नहीं थे। उन्होंने यह भी कहा कि वे जानते थे कि नाम, पैसा और शोहरत कमाना बहुत मुश्किल काम है लेकिन 3 महीने में इन्हें आप बिग बॉस के घर में रहकर खो सकते हैं। इस पर शिल्पा कहती हैं, 'हमने बहुत लोगों को देखा हैं शो से बाहर आकर थेरेपी लेते क्योंकि यह बहुत इजी नहीं है। जो भी आपके साथ होता है।

# पंजाब की कटरीना

## ' पर चढ़ा बोल्डनेस का खुमार, ब्लैक आउटफिट में शहनाज गिल ने लूटी महफिल



मुंबई में बीती रात एक अवॉर्ड फंक्शन रखा गया, जहां की शाम बॉलीवुड सितारों से सजी देखने को मिली। इस अवॉर्ड नाइट कृति सेनन से लेकर जाह्नवी कपूर तक ने शिरकत की। सभी अपने बेस्ट लुक में थे। इन्हीं सितारों के बीच एक और एक्ट्रेस ने शिरकत की, जिनका लुक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। हम बात कर रहे हैं 'पंजाब की कटरीना' कही जाने वाली शहनाज गिल की।

बिग बॉस 13 से घर-घर में मशहूर हुईं शहनाज गिल को आज बच्चा-बच्चा तक जानता है। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस 'देसी वाइब्स विद शहनाज गिल' शो की वजह से वैसे की सुर्खियां बटोरती रहती हैं। मगर इन दिनों वह अपने नए लुक को लेकर चर्चा में हैं। शहनाज गिल मुंबई में आयोजित अवॉर्ड नाइट में ब्लैक कलर के आउटफिट में पहुंची। उनका यह लुक कुछ को पसंद आया, तो कुछ ने इसे नापसंद किया।

चिपके बाल और ब्लैक कलर के बॉडी हगिंग इवनिंग गाउन में शहनाज गिल ने अवॉर्ड नाइट में शिरकत की। शहनाज का यह लुक उनके कई फैंस को पसंद आया, तो कुछ को उनकी ड्रेसिंग सेंस रास नहीं आई। शहनाज गिल के लुक को देख एक फैन ने उन्हें 'राइजिंग स्टार ऑफ बॉलीवुड' बताया। वहीं, एक फैन ने तो यह कमेंट किया, आप मुझे कभी-कभी बहुत मायूस लगती हो तो कभी-कभी बहुत चालाक। शहनाज गिल के वर्कफ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' रिलीज होने वाली है। यह मूवी 21 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें उनके को-स्टार सलमान खान और पूजा हेगडे होंगे जो कि लीड रोल में हैं।

## आज का राशिफल

उत्तराखंड प्रहरी

**आज के विचार**

मां दुर्गा का आशीर्वाद आपके साथ हमेशा रहे। आपके जीवन में सदा खुशियां रहे। शुभ नवरात्रि!

मेष : राशि वालों के लिए सप्ताह बहुत ही विशेष होने जा रहा है। इस हफ्ते आपके को शश योग का लाभ मिलेगा। कुछ रुके हुए कार्य बन सकते हैं। परिवार या मित्रों के साथ क्रिसमस की छुट्टियां मनाने का प्लान भी बन सकता है।

वृषभ: आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. मन में खुशियों की भावना रहेगी और सभी से स्नेह करेंगे. काम के सिलसिले में अच्छे नतीजे मिलेंगे. व्यापार भी वृद्धि को प्राप्त होगा. परिवार के बुजुर्गों की सेहत कमजोर हो सकती है।

मिथुन: आज नवरात्र के शुभ अवसर पर देवी माँ आपके धन-धान्य में बढ़ोतरी करेगी. इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन कुछ खास रहने वाला है. संतान आपको ख़ुशी की कोई वजह देगी।

कर्क: आज का दिन आपके परिवार के लिए और आपके पारिवारिक जीवन के लिए बहुत शानदार साबित होगा. दिमाग सक्रिय रहेगा. कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी. शारीरिक, मानसिक स्वस्थ और उत्साही बने रहेंगे।

सिंह: आपके लिए आज का दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है. स्वास्थ्य बिगड़ने से पाचन क्षमता और इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है, इसलिए अपना ध्यान रखें. काम के सिलसिले में आपको अच्छे नतीजे मिलेंगे. व्यापार भी वृद्धि को प्राप्त होगा।

कन्या: आज आपका दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा. जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में मधुरता आयेगी. आज आपको किसी बड़ी कंपनी से इंटरव्यू के लिए कॉल आ सकता है. देवी मां की कृपा से आपको इंटरव्यू में

तुला: आज आपको कई नई ज़िम्मेदारियां मिल सकती हैं. समर्पित परिश्रम से यदि आप वरिष्ठों को संतुष्ट कर सकते हैं. अगर आप सुबह सूर्य को अर्घ्य देते हैं, तो आपके जीवन में सब कुछ अच्छा होगा. आपको पॉजिटिव सोच को रखने की जरूरत है।

वृश्चिक: आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों से मदद मिलेगी. इस राशि के आर्ट्स विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है. पहले से दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

धनु: आप के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. आपकी सेहत तो ठीक रहेगी लेकिन किसी बात को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे. काम के सिलसिले में ठीक-ठाक नतीजे मिलेंगे. परिवार में दिक्कतें आ

मकर: आज आपके विरोधी आज खुलकर आपका विरोध करेंगे. चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. बहुत अधिक काम का तनाव आपके स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है. आज आप अपनी भावनात्मक स्थिति को लेकर काफी चिंतित रहेंगे।

कुंभ: आपके लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा.आप अपनी बुद्धि का प्रयोग करके हर काम में सफलता अर्जित करेंगे लेकिन खर्चों पर नियंत्रण कैसे बनाएं, आपको सीखना होगा. परिवार का माहौल सुख शांति पूर्ण रहेगा. परिवार में प्रेम रहेगा।

मीन: आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम जरूर पूरा होगा. आज नवरात्र के शुभ दिन में देवी स्कंदमाता आपके भौतिक सुखों में बढ़ोतरी करेगी. आपकी माता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा. अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com